वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report 2010-2011

Excellence

Makes success possible

पंजाब नैशनल बैंक
...भरोसे का प्रतीक !

punjab national bank
...the name you can BANK upon !

Public
ector

IKS AWARDS

के.आर. कामत
K. R. Kamath

अध्यक्ष की कलम से
From the Chairman's Desk

प्रिय शेयरधारक

मुझे आपके बैंक की वर्ष 2010–11 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए हर्ष की अनुभूति हो रही है। यद्यपि विश्व के अधिकतर क्षेत्रों में वित्तीय प्रणाली निरन्तर दबावपूर्ण स्थिति में रही है, तथापि वर्ष 2010–11 में घरेलू सकल उत्पाद में 8.6% की अनुमानित वृद्धि के साथ भारतीय वित्तीय प्रणाली का भविष्य उज्ज्वल रहा है । भारत का दूसरा सबसे बड़ा बैंक, पंजाब नैशनल बैंक ग्राहकों एवं शेयरधारकों को महत्व प्रदान करते हुए तथा अर्थव्यवस्था की सुधारात्मक वृद्धि का लाभ लेते हुए सुदृढ़ स्थिति में है ।

पीएनबी के पास 117 वर्षों की मजबूत बैंकिंग परम्परा की विरासत तथा एक विशाल घरेलू व्याप्तता हैं तथा इसकी 9 वैश्विक क्षेत्रों में उपस्थिति है। यह 6 करोड़ से अधिक ग्राहकों तथा मजबूत तकनीकी आधार के साथ प्रतिद्वन्द्वियों पर बढ़त प्रदान करता है। आपके बैंक ने अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों के सहयोग, नवोन्मेषी व ग्राहक मित्र उत्पादों व सेवाओं को बढ़ावा देकर तथा व्यवसाय प्रथाओं का जिम्मेदारी से पालन करते हुए स्थायी व्यवसाय प्राप्त किया है। अग्रणी पंक्ति में अपना स्थान बनाये रखने के लिये हमें अपने दूरदर्शी बैंकिग के मुख्य सिद्धान्तों से समझौता किये बिना व्यवसाय रणनीति में पुनर्निवेश को बनाये रखने की आवश्यकता है।

अब मैं वित्तीय वर्ष 2010–11 की पीएनबी की परिचालन एवं वित्तीय उपलब्धियों को आपको बताता हूं । मुझे आपको बताते हुए खुशी है कि मज़बूत व्यवसाय एवं आपके प्रदर्शन एवं समर्थन के द्वारा **बैंक एक बार फिर देश के राष्ट्रीयकृत बैंकों में पहले स्थान पर रहा है।**

वित्तीय वर्ष 2010–11 बैंक की उपलब्धियों के कीर्तिमानों को पार करने का एक महत्वपूर्ण घटनापूर्ण वर्ष था। कुल व्यवसाय गत वर्ष के ₹ 4.36 लाख करोड़ की तुलना में मार्च 2011 के अंत में ₹ 5.55 लाख करोड़ को पार कर लिया है जिसमें 27.3% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्ज की है। वैश्विक जमाराशियां ₹ 3.12 लाख करोड़ (25.5%) तथा वैश्विक सकल अग्रिम ₹ 2.42 लाख करोड़ (29.7%) पर पहुंच गये हैं ।

अग्रिमों में तीव्र वृद्धि मुख्यतः खुदरा ऋण तथा सूक्ष्म, छोटे व मध्यम उद्यम क्षेत्र में हुई वृद्धि के फलस्वरूप थी। खुदरा ऋण क्षेत्र के अंतर्गत शिक्षा ऋणों, वाहन अग्रिमों तथा गृह ऋणों में 24% वृद्धि का विशेष योगदान है। सूक्ष्म, लघु, व मध्यम उद्यम क्षेत्र के ऋणों, जिसमें बैंक का विशेष बल है, में 29.3% वृद्धि दर्ज की गई है ।

बैंक ने अनर्जक आस्तियों की गुणवत्ता पर भी समान ध्यान दिया है । सकल अनर्जक आस्तियां मार्च 2011 के अंत में 1.79% रही। इसी प्रकार, निवल अनर्जक आस्तियां निवल अग्रिमों के अनुपात में 0.85% रही।

व्यापार वृद्धि के साथ बैंक को उत्पादकता में सुधार के संकेत दिखाई दिये हैं जबकि प्रति कर्मचारी व्यापार मार्च 10 के अंत में ₹ 8.08 करोड़ से बढ़कर मार्च 2011 में ₹ 10.17 करोड़, प्रति शाखा व्यापार मार्च 2010 के अंत में ₹ 87.1 करोड़ से बढ़कर ₹ 104.8 करोड़ हो गया है ।

Dear Shareholders,

It is my pleasure to present the Annual Report of your Bank for the financial year (FY) 2010-11. While in most parts of the world financial systems continue to be under strain, prospects for Indian financial system remain bright with GDP growth estimated at 8.6% in 2010-11. As India's second largest bank, Punjab National Bank is well-positioned to benefit from the improving growth prospects of the economy and deliver value to customers and shareholders.

PNB has inherited sound banking tradition of 117 years and has a large domestic footprint and presence in 9 global jurisdictions. This, along with more than 6 crore customers and strong technological base, gives us an edge over our peers. Your Bank has always undertaken sustainable business by supporting the productive sectors of the economy, promoting innovative and customer-friendly products and services and following responsible business practices. In order to maintain our front-line position, we need to keep re-inventing our business strategy, without compromising with our core philosophy of prudent banking.

Now let me share with you PNB's operational and financial performance during the FY 2010-11. I am happy to inform you that backed by strong business and earnings performance, **the Bank once again emerged as the number ONE nationalized bank in the country.**

Financial year 2010-11 was an eventful year with the Bank crossing number of milestones. While total business crossed ₹ 5.55 lakh crore at the end of March 2011 compared to ₹ 4.36 lac crore last year, registering Year-on-Year (YoY) growth of 27.3%, global deposits reached ₹ 3.12 lac crore (25.5%) and global gross advances touched ₹ 2.42 lac crore (29.7%).

Growth in the credit was mainly driven by Retail and MSME. Under retail credit segment, Education Loans, Auto Loans and Housing Loans with growth of 24% were the major contributors. Loans to MSME sector, which is thrust area of the Bank, registered a growth of 29.3%.

Bank also paid equal attention to asset quality. Gross NPA ratio stood at 1.79% at the end of March'2011. Similarly, Net NPA to Net Advances ratio stood at 0.85 %.

Along with increased business, Bank's productivity indicators have shown improvement. While Business per employee grew to ₹ 10.17 crore in March'2011 from ₹ 8.08 crore at the end of March' 2010, Business Per Branch showed improvement to ₹ 104.8 crore from ₹ 87.1 crore at end March' 2010.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने उत्कृष्ट वित्तीय प्रदर्शन किया है। परिचालन लाभ विगत वर्ष के ₹ 7326 करोड़ में 23.6 प्रतिशत वृद्धि के साथ मार्च 2010–11 को समाप्त वित्तीय वर्ष के अंत में ₹ 9056 करोड़ हो गया है। निवल लाभ 13.5% वृद्धि के साथ ₹ 4433 करोड़ हो गया है । ब्याज आय में 33.2% की वृद्धि हुई है जबकि कमीशन, विनिमय तथा ब्रोक्रेज से आय में 21.5% की वृद्धि हुई है ।

बेहतर वित्तीय प्रदर्शन, बेहतर लाभ की उपलब्धियों में बदल गये हैं । वित्तीय वर्ष मार्च 2010–11 के अंत में निवल ब्याज मार्जिन 3.96% रहा जो वित्तीय वर्ष 2009–10 में 3.57% था। बेहतर लाभ प्रदर्शन के साथ, आस्तियों पर प्राप्तियां व इक्विटी पर प्रतिफल क्रमशः 1.34% व 22.13% रहा। बैंक अपना ध्यान लागत एवं राजस्व पर कड़े नियंत्रण रखते हुए उच्च लाभ प्रदर्शन पर केन्द्रित रखेगा।

बैंक की पूंजी का जोखिम आस्ति अनुपात (सीआरएआर) बेसल II की आवश्यकता के अनुरूप मार्च 2011 के अंत में 12.42% (टियर–I कैपिटल : 8.44%; टियर–II कैपिटल : 3.98%) रहा। बैंक को विश्वास है कि वह चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए बेसल III मानदंडों को पूरा कर लेगा ।

यह पहचानते हुए कि प्रोद्यौगिकी ही वह कुंजी है जिससे लोगों तक पहुंचा जा सकता है तथा वृहद फ्रेंचाईज मूल्यों में वृद्धि हो सकती है, इसके लिए आपके बैंक ने कई पहल की हैं। वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों के कुशल विकास के साथ बैंक ग्राहक सुविधा को लक्ष्य करते हुए चैनल प्रबंधन पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि आपके बैंक ने वर्ष के दौरान पुरस्कार एवं सम्मान, सेवाओं में उत्कृष्टता, कॉरपारेट सामाजिक दायित्व, पारदर्शी गवर्नेंस संरचना, प्रोद्यौगिकी के सर्वोत्तम उपयोग तथा उत्तम मानवीय संसाधन प्रबंधन में प्रशंसा हेतु पुरस्कार प्राप्त किये हैं । आपके बैंक को वित्तीय संस्थाओं एवं बीमा कंपनी क्षेत्र में 2009–10 हेतु ''स्कोप मेरीटोरियस एवार्ड फार बैस्ट मैनेज्ड बैंक'' गोल्ड ट्रॉफी भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदान की गई है । पीएनबी को विभिन्न श्रेणियों में लीग तालिका में कई स्थान प्राप्त हुए हैं। ''द बैंकर'' मैगजीन लंदन के अनुसार पीएनबी को भारत के 5 अग्रणी बैंकों में उच्च स्थान प्राप्त हुआ है । बैंक को दुनिया के 1000 प्रमुख बैंकों में 257वां स्थान मिला है। फोर्ब्स मैगजीन के अनुसार राष्ट्रीयकृत बैंकों की सूची में पीएनबी विश्व में 653वें स्थान पर है। इकानोमिक टाइम्स के अनुसार शीर्षस्थ 500 भारतीय कंपनियों में बैंक को 24वीं सर्वोत्कृष्ट कंपनी का स्थान प्राप्त हुआ है। बिजनेस वर्ल्ड के अनुसार पीएनबी तीसरी सबसे बड़ी वित्तीय कंपनी तथा 2010 का पांचवां तेज़ी से बढ़ता हुआ बैंक है, जबकि बिजनेस टुडे ने बैंक को, 2010 की सर्वाधिक महत्वपूर्ण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में 14वां स्थान प्रदान किया है।

पंजाब नैशनल बैंक, प्रोद्यौगिकी, नये उत्पादों, जोखिम प्रबंधन तथा फ्रेंचाइज महत्व के विस्तार में निवेश को जारी रखेगा। यह निवेश प्रतिस्पर्धी लाभ को बनाये रखने में बैंक को मदद करेगा। भारत की जनसांख्यिकी महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजर रही है । तीव्र आर्थिक विकास, बढ़ती आय तथा ग्राहकों की अपेक्षाओं में परिवर्तन के साथ, बैंक की सेवाओं को तैयार करना पड़ेगा। हमें ग्राहकों को जो वह चैनल इस्तेमाल करना पंसद करते है, के साथ अनुकूल बैंकिंग अनुभव प्रदान करने होंगे। हमारे उत्पादों व सेवाओं को उपभोक्ता अनुकूल, नवोन्मेषी, प्रतिस्पर्धी एवं निर्बाध चैनलों में एकीकृत होना पड़ेगा। कारोबार के बढ़ते अवसरों के अनुसार बैंक को सचेत रहने, द्रुतगति से एवं रणनीति को प्रभावी रूप से निष्पादित करने की आवश्यकता होगी। हितधारकों के समर्थन एवं निहित शक्तियों के साथ, मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपका बैंक चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक करेगा तथा व्यवसाय वृद्धि एवं उपलब्धियों में नई ऊँचाइयों तक पहुंचेगा।

शुभकामनाओं सहित,

आपका,

(के.आर. कामत)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

During the year, your bank has shown excellent financial performance. Operating profit stood at ₹ 9056 crore for the FY ended 2010-11, growing by 23.6% from ₹ 7326 crore last year. Net Profit at ₹ 4433 crore registered a growth of 13.5%. Interest income rose by 33.2%, while income from Commission, Exchange and Brokerage posted growth of 21.5%.

The improved financial performance has resulted in better earnings performance. For the FY ended 2010-11, Net Interest Margin (NIM) stood at 3.96% compared to 3.57% in FY 2009-10. With better profit performance, Return on Assets (RoA) and Return on Equity (RoE) stood at 1.34% and 22.13%, respectively. Bank will continue its focus on sustaining the high earnings performance by keeping strict control on costs and revenue maximization.

Bank's Capital to Risk Asset Ratio (CRAR) complying with Basel II requirements stood at 12.42 % (Tier–I capital: 8.44%; Tier- II Capital: 3.98%) at the end of March 2011. Bank is confident of successfully meeting the challenges of migrating to Basel III prescriptions.

Recognizing that technology holds the key for outreach and maximizing the large franchise value, your Bank has been taking various initiatives. With well developed alternative delivery channels, the Bank has been focusing on channel management aimed at customer convenience.

I am happy to state that your Bank has earned awards and accolades during the year in appreciation of excellence in services, Corporate Social Responsibility (CSR) practices, transparent governance structure, best use of technology and good human resource management practices. Your Bank has been conferred with the Gold trophy of "SCOPE Meritorious Award for Best Managed Bank, Financial Institution or Insurance Company" for 2009-10 by Her Excellency the President of India. PNB has found place in the league tables in various categories. PNB figures as one of the top 5 banks in India according to "The Banker" magazine, London. The Bank ranks at 257th position amongst world's Top 1000 Banks. As per Forbes magazine, PNB tops the list of nationalized banks with a global ranking of 653. The Bank is ranked 24th Best Company amongst top 500 Indian Companies as per Economic Times. Business World recognized PNB as the 3rd best large bank and 5th Fastest Growing Bank for 2010, while Business Today ranked it as 14th Most Valuable Public Sector Company for 2010.

PNB will continue to make investments in technology, new products, risk management and towards expanding franchise value. Such investment will facilitate the Bank to retain competitive advantage. India's demography is undergoing significant changes. With rapid economic growth, rising incomes and changes in customer expectations, banking services have to be refashioned. We will have to offer consistent banking experience to the customers irrespective of the channel he or she may prefer to use. Our products and services will have to be user-friendly, innovative, competitive and seamlessly integrated across channels. As business opportunities expand, the bank will have to remain alert, nimble-footed and execute its strategy effectively. With its inherent strengths and support from stakeholders, I am quite confident that your Bank will successfully meet the challenges and touch new frontiers in business growth and performance.

With warm regards,

Yours sincerely,

(K.R. Kamath)
Chairman & Managing Director

निदेशक मंडल
Board of Directors

के.आर. कामत
K.R. Kamath

एम.वी. टांकसाले
M.V. Tanksale

राकेश सेठी
Rakesh Sethi

रवनीत कौर
Ravneet Kaur

जसबीर सिंह
Jasbir Singh

वी.के. मिश्रा
V.K. Mishra

टी. एन. चतुर्वेदी
T.N. Chaturvedi

जी.आर. सुन्दरावाड़ीवेल
G.R. Sundaravadivel

डी.के. सिंघला
D.K. Singla

मोहिंदर पॉल सिंह
Mohinder Paul Singh

प्रदीप कुमार
Pradeep Kumar

टीम - महाप्रबंधक
Team - General Managers

प्रथम पंक्ति में खड़े हुए (बाएँ से दाएँ)

वी. श्रीनिवासन, संतोष मदान, बी.पी. शर्मा, बी.एल. गुप्ता, सुषमा बाली, बी.सी. निगम, रंजन धवन (मुख्य महाप्रबंधक), एस.एस डबास, एस.एस. चोपड़ा, अजय मिश्रा, जी. बैनर्जी, सुदेशना शर्मा, ए.के. वर्मा, ए.के. गुप्ता, आर. राजगोपालन, पंकज भारद्वाज

Row 1st Standing (left to right)

V. Srinivasan, Santosh Madan, B.P. Sharma, B.L. Gupta, Sushma Bali, B.C. Nigam, Ranjan Dhawan (Chief General Manager), S.S. Dabas, S.S. Chopra, Ajay Mishra, G. Banerjee, Sudeshna Sharma, A.K. Verma , A.K. Gupta, R. Rajagopalan, Pankaj Bhardwaj

द्वितीय पंक्ति में खड़े हुए (बाएँ से दाएँ)

राजेन्द्र महाजन, मदनजीत सिंह, पी.के. छोकरा, एस.एस. भाटिया, वी.के. जोएल, एस.के. दुबे, जी.एस. दुबे, आर.एम. दीवान, सी.एस. जोग, के. भास्कर, एस.पी. सिंह, के. राम मोहन, रोहताश कुमार, के.के. अरविन्दाक्षन, के. रामैय्या, वी.के. खन्ना, पी.बी. नारायणन, डी.वी.एस.एस.वी. प्रसाद, एस. रंगानाथन

Row 2nd Standing (left to right)

Rajinder Mahajan, Madanjit Singh, P.K. Chhokra, S.S. Bhatia, V.K. Joel, S.K. Dubey, G.S. Dubey, R.M. Diwan, C.S. Jog, K. Bhaskar, S.P.Singh, K. Ram Mohan, Rohtash Kumar, K.K. Aravindakshan, K. Ramiah, V.K. Khanna, P.B. Narayanan, D.V.S.S.V. Prasad, S. Ranganathan

महाप्रबंधक- विदेश
General Managers - Overseas

फरीद अख्तर
Farid Akhtar

एस.आर. शर्मा
S.R. Sharma

विषय सूची
Contents

		पृष्ठ सं./Page No.
◆ नोटिस	◆ Notice	6
◆ निदेशक रिपोर्ट	◆ Directors' Report	11
◆ प्रबन्धन सम्बन्धी विचार-विमर्श एवं विश्लेषण	◆ Management Discussion and Analysis	22
◆ निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट	◆ Corporate Social Responsibility Report	57
◆ बेसल-II के अन्तर्गत प्रकटीकरण	◆ Disclosure under Basel II	77
◆ निगमित शासन की रिपोर्ट	◆ Report on Corporate Governance	95
◆ लेखापरीक्षकों का प्रमाण-पत्र	◆ Auditors' Certificate	116
◆ वित्तीय विवरण	◆ Financial Statements	117
- तुलन-पत्र	- Balance Sheet	118
- लाभ-हानि खाता	- Profit & Loss Account	119
- अनुसूचियां	- Schedules	120
- प्रमुख लेखा विधि सम्बन्धी नीतियां	- Significant Accounting Polices	130
- खातों से सम्बन्धी टिप्पणियां	- Notes on Accounts	137
- नकदी प्रवाह विवरण	- Cash Flow Statement	158
- लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	- Auditors' Report	161
◆ समेकित वित्तीय विवरण	◆ Consolidated Financial Statements	163
- तुलन-पत्र	- Balance Sheet	164
- लाभ-हानि लेखा	- Profit & Loss Account	165
- अनुसूचियां	- Schedules	166
- प्रमुख लेखा विधि सम्बन्धी नीतियां	- Significant Accounting Polices	176
- खातों से सम्बन्धी टिप्पणियां	- Notes on Accounts	182
- नकदी प्रवाह विवरण	- Cash Flow Statement	196
- लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	- Auditors' Report	199
◆ प्रॉक्सी फार्म	◆ Proxy Form	201
◆ लाभांश के लिए ई-क्रेडिट अधिदेश/बैंक खाते का ब्यौरा फार्म	◆ E-credit Mandate for Dividend/Bank Account Details Form	
- मूर्त	- Physical	203
- डी-मैट	- Demat	205
◆ उपस्थिति पर्ची, सह प्रवेश-पत्र	◆ Attendance slip cum Entry Pass	207

लेखा परीक्षक

कालानी एंड कम्पनी
आंजनेयुल एंड कम्पनी
वी. के. वर्मा एंड कम्पनी
मुखर्जी बिसवास एंड पाठक
अमित रे एंड कम्पनी
सारदा एंड पारीक

AUDITORS

Kalani & Co.
Anjaneyulu & Co.
V. K. Verma & Co.
Mookherjee Biswas & Pathak
Amit Ray & Co.
Sarda & Pareek

रजिस्ट्रार एवं शेयर अन्तरण एजेन्ट

एमसीएस लिमिटेड
एफ-65, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-I,
नई दिल्ली-110020
फोन नं. : डायरेक्ट-011-41709884
ईपीएबीएक्स 011-41406149/51/52
फैक्स नं. : 011-41709881
ई-मेल : pnb@mcsdel.com; mcsdel@vsnl.com

REGISTRAR & SHARE TRANSFER AGENT

MCS Ltd
F-65, Okhla Industrial Area,Phase-I,
New Delhi-110020
Tele No. Direct : 011-41709884
EPABX: 011-41406149/51/52
Fax No.: 011-41709881
Email: pnb@mcsdel.com; mcsdel@vsnl.com

पंजाब नैशनल बैंक
punjab national bank
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्र.का. 7 भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110 607
(शेयर विभाग, 5-संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001)
ई मेल : hosd@pnb.co.in

नोटिस

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पंजाब नैशनल बैंक के शेयरधारकों की **10वीं वार्षिक आम बैठक** 27 जून, 2011 को प्रातः 10.00 बजे पंजाब नैशनल बैंक ऑडिटोरियम, केन्द्रीय स्टाफ कालेज, 8,अंडरहिल रोड, सिविल लाइन्स, दिल्ली - 110054 में आयोजित की जाएगी जिसमें निम्न कार्य किये जायेंगे :-

1. बैंक की 31.3.2011 की स्थिति के अनुसार लेखापरीक्षित तुलनपत्र, 31 मार्च, 2011 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक के लाभ-हानि लेखा तथा उक्त लेखा अवधि के लिए बैंक की कार्यप्रणाली एवं गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट तथा तुलन-पत्र एवं लेखों पर लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट पर चर्चा करना, स्वीकार करना एवं अपनाना ।
2. वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए इक्विटी शेयरों पर वार्षिक लाभांश की घोषणा करना।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 18/05/2011

(के.आर.कामत)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

पंजाब नैशनल बैंक
punjab national bank
(A Government of India Undertaking)
Head Office: 7, Bhikhaiji Cama Place, New Delhi-110 607
(Share Department: 5, Sansad Marg,New Delhi 110001)
Email : hosd@pnb.co.in

NOTICE

NOTICE IS HEREBY GIVEN that the **10th Annual General Meeting** of Shareholders of PUNJAB NATIONAL BANK will be held on Monday, the 27th June, 2011, at 10.00 a.m. at Punjab National Bank Auditorium, Central Staff College, 8 Underhill Road, Civil Lines, Delhi 110054, to transact the following business:

1. To discuss, approve and adopt the Audited Balance Sheet of the Bank as at 31st March 2011, Profit and Loss Account of the Bank for the year ended 31st March 2011, the Report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the Accounts and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts.
2. To declare Annual Dividend on Equity Shares for the Financial Year 2010-11.

Place : New Delhi
Date : 18/05/2011

(K. R. Kamath)
Chairman and Managing Director

टिप्पणियां :

1. प्रॉक्सी की नियुक्ति

बैठक में उपस्थित होने और मत देने के पात्र शेयरधारक अपने स्थान पर उपस्थित होने और मत देने हेतु प्रॉक्सी नियुक्त करने का भी पात्र होगा/होगी तथा ऐसी प्रॉक्सी का बैंक का शेयरधारक होना आवश्यक नहीं है लेकिन ऐसी प्रॉक्सी को बैठक में बोलने का अधिकार नहीं होगा । ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बैंक का कर्मचारी या अधिकारी है, प्रॉक्सी के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता । बैठक में प्रॉक्सी पत्र के गारंटीकर्ता को वोट देने का अधिकार नहीं होगा । प्रॉक्सी के रूप में नियुक्त की जाने वाली लिखत को प्रभावी करने के लिए, उसे शेयर विभाग, प्रधान कार्यालय 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110001 में, **बैठक की तारीख से कम से कम 4 दिन पूर्व अर्थात् मंगलवार 21 जून, 2011 को कारोबारी समय की समाप्ति अर्थात् सायं 5.00 बजे तक जमा कर दी जाए ।** प्रॉक्सी फार्म का प्रारूप वार्षिक रिपोर्ट के साथ संलग्न है ।

2. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

कोई भी ऐसा व्यक्ति, किसी निगमित निकाय के विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में, तब तक बैंक की बैठक में उपस्थित होने या मत देने का पात्र नहीं होगा, जब तक उस बैठक, जिस में यह संकल्प पारित किया गया है, के अध्यक्ष द्वारा विधिवत् रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में उसे नियुक्त करने वाले संकल्प की सत्यप्रति प्रधान कार्यालय, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110001 में स्थित पंजाब नैशनल बैंक के शेयर विभाग में, **बैठक की तारीख से कम से कम 4 दिन पूर्व अर्थात मंगलवार 21 जून, 2011 को कारोबारी समय की समाप्ति अर्थात सायं 5.00 बजे तक जमा कर दी जाए ।** ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बैंक का कर्मचारी या अधिकारी है, प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता ।

3. शेयरधारकों का रजिस्टर बन्द होना

वार्षिक आम बैठक तथा वित्त वर्ष 2010-11 के लिए घोषित किए जाने वाले वार्षिक लाभांश की प्राप्ति के लिए शेयरधारकों के नामों की पात्रता के निर्धारण हेतु बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण पुस्तकें 18.06.2011(शनिवार) से 27.06.2011 (सोमवार) तक (दोनों दिन शामिल) बंद रहेंगी । (बैंक के बोर्ड ने 04.05.2011 को आयोजित अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2010-11 के लिए प्रत्येक इक्विटी शेयर पर ₹ 22/- (अर्थात् 220%) की दर से वार्षिक लाभांश की सिफारिश पहले ही कर दी है, बशर्ते आगामी वार्षिक आम बैठक में इसकी घोषणा कर दी जाए।

शुक्रवार दिनांक 17 जून 2011 अर्थात् बहियों के बंद होने के पूर्व दिवस तक प्राप्त शेयर प्रमाण-पत्रों सहित अन्तरण विलेख, वार्षिक लाभांश की पात्रता हेतु शामिल कर लिए जाएंगे ।

4. वार्षिक लाभांश का भुगतान

निदेशक मंडल द्वारा 04.05.2011 को हुई बैठक में यथा अनुशंसित वार्षिक लाभांश की घोषणा यदि वार्षिक आम बैठक में कर दी जाती है , तो उन सभी शेयरधारकों को जो बैंक के रजिस्टर में 17 जून 2011 (शुक्रवार) अर्थात् बहियाँ बंद होने से पूर्व दिवस को पंजीकृत होंगें, उन्हें 14.07.2011(बृहस्पतिवार)को भुगतान कर दिया जाएगा।

5. वोट का अधिकार

बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3 (2ई) के प्रावधानों के अनुसरण में बैंक का कोई भी शेयरधारक, केन्द्र सरकार के अतिरिक्त, उसके द्वारा धारित शेयरों के संबंध में बैंक के समस्त शेयरधारकों

NOTES:

1. APPOINTMENT OF PROXY

A shareholder entitled to attend and vote at the meeting, is entitled to appoint a proxy to attend and vote instead of himself/herself and such a proxy need not be a shareholder of the Bank but the proxy so appointed shall not have any right to speak at the meeting. No person shall be appointed as a Proxy who is an officer or an employee of the Bank. The grantor of an instrument of proxy shall not be entitled to vote in person at the meeting. The proxy in order to be effective, must be received by the Bank at Share Department, Head Office, 5, Sansad Marg, New Delhi 110001 **not less than FOUR DAYS before the date of the meeting** i.e. **on or before the closing hours i.e. 5 p.m. on Tuesday, the 21st June, 2011.** The format of the proxy form is attached with Annual Report.

2. APPOINTMENT OF AN AUTHORISED REPRESENTATIVE

No person shall be entitled to attend or vote at the meeting as duly authorized representative of a body corporate, unless a copy of the resolution appointing him/her as a duly authorized representative, certified to be a true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed, shall have been deposited at the Share Department. Head Office, 5 Sansad Marg, New Delhi 110001, **not less than four days before the date of meeting i.e. on or before the closing hours i.e. 5 p.m. on Tuesday, the 21st June, 2011.** No person shall be appointed as an authorized representative, who is an officer or an employee of the Bank.

3. CLOSURE OF REGISTER OF SHAREHOLDERS

The Register of Shareholders and Share Transfer Books of the Bank will remain closed from 18.06.2011(Saturday) to 27.06.2011 (Monday) (both days inclusive) for the purpose of determining the eligibility of shareholders to attend Annual General Meeting and to receive Annual Dividend for FY 2010-11. {The Board of Directors of the Bank in its meeting held on 04.05.2011 had recommended Annual Dividend of ₹22/- per equity share (i.e. 220%) subject to its declaration in the meeting.}

The Transfer Deed(s) along with Share Certificate(s) received upto Friday the17th June 2011 i.e. the previous day of start of Book Closure shall be considered for entitlement of shareholders to receive the Annual Dividend.

4. PAYMENT OF ANNUAL DIVIDEND

The Annual Dividend as recommended by the Board of Directors of the Bank in its meeting held on 04.05.2011, if declared at the Annual General Meeting, will be paid on 14.07.2011 (Thursday), to those Shareholders whose names appear on the Register of Shareholders of the Bank as on 17.06.2011 (Friday) i.e. the previous day of start of Book Closure.

5. VOTING RIGHTS

In terms of provisions of Section 3(2E) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, no shareholder of the Bank other than the Central Government shall

के कुल वोट के अधिकार के 1% से अधिक वोटिंग के अधिकार का हकदार नहीं होगा। यदि कोई शेयर दो या अधिक व्यक्तियों के नाम पर है तो जिस व्यक्ति का नाम रजिस्टर में पहले दर्ज़ होगा, उसे वोट देने के संबंध में एकल धारक माना जाएगा ।

6. लाभांश के भुगतान के लिए ई-क्रेडिट अधिदेश /बैंक खाते के ब्यौरे, पते में परिवर्तन तथा अन्य विवरण

(क) मूर्तरूप में शेयरधारिता

मूर्तरूप में शेयरधारित शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने पते में परिवर्तन, बैंक खाते का ब्यौरा अर्थात् बैंक का नाम, शाखा, पता,खाता संख्या, 9 अंकों का माईकर कोड/आई एफ एस सी जैसा कि चैक में दिया गया है एवं ई-क्रेडिट अधिदेश*आदि रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट अर्थात् **एमसीएस लि0 (पीएनबी यूनिट), एफ-65, पहली मंजिल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़ I, नई दिल्ली - 110020** को सूचित करें ताकि वे अपने खाते में सीधे लाभांश एवं पत्राचार समय पर प्राप्त कर सकें, यदि यह पहले सूचित नहीं किया है । ई-क्रेडिट अधिदेश/बैंक का ब्यौरा फार्म का प्रारुप वार्षिक रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं तथा ये बैंक की वैबसाईट अर्थात् www.pnbindia.in/new पर भी उपलब्ध होगा ।

(ख) इलैक्ट्रॉनिक रूप में शेयरधारिता

इलैक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के लाभार्थियों से अनुरोध है कि वे सुनिश्चित करें कि उनका पता, बैंक खाते का ब्यौरा अर्थात् बैंक का नाम, शाखा पता, खाता संख्या, 9 अंकों का माईकर कोड/आई एफ एस सी जैसा कि चैक में दिया गया है एवं ई-क्रेडिट अधिदेश* आदि उनके डिपाजिटरी सहभागी के पास विधिवत् अद्यतन रूप में दर्ज हैं ताकि वे अपने खाते में लाभांश एवं पत्राचार समय पर सीधे प्राप्त कर सकें, यदि यह पहले सूचित नहीं किया गया है ।

***शेयरधारक कृपया नोट करें कि नैशनल इलैक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सिस्टम (एनईसीएस) अपने खाते में सीधे लाभांश प्राप्त करने की भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित एक प्रक्रिया है । यह सुविधा तभी उपलब्ध होगी जब शेयरधारक का खाता बैंक की कोर बैंकिंग सोल्यूशन (सीबीएस) शाखा में है (हमारे बैंक की सभी शाखाएं सीबीएस हैं)तथा लाभार्थी ने ई-क्रेडिट अधिदेश डिपाजटरी सहभागी (डीपी) के पास दर्ज किया है तथा मूर्त रुप में शेयरधारित शेयरधारकों ने ई-क्रेडिट अधिदेश रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट के पास दर्ज किया है । इसके अतिरिक्त शेयरधारकों के खाते में अन्य ई-प्रक्रिया द्वारा भी लाभांश जमा किया जा सकता है । इस प्रक्रिया से लाभांश वारंट के मार्ग में या अन्यथा गुम हो जाने की संभावना नहीं होती ।**

7. लाभांश का प्राप्त न होना

विगत में बैंक के लाभांश वारंट के कुछ लिफाफे विभिन्न कारणों से अवितरित वापिस प्राप्त हुए हैं। विभिन्न वित्त वर्षों के लाभांश खातों में वित्त वर्ष 2003-04 से (अंतिम लाभांश भुगतान तिथि 02.08.2004) भी कुछ राशि बिना भुगतान/अदावाकृत के रूप में पड़ी हुई है, अतः जिन शेयरधारकों को लाभांश प्राप्त नहीं हुआ है, उनसे अनुरोध है कि वे रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट से सम्पर्क करके उन्हें अपना नवीनतम पता, टेलीफोन/मोबाइल नं., ई-मेल एवं अन्य ब्यौरा जैसे फोलियो नं./ डीपी आईडी एवं ग्राहक आईडी इत्यादि दें। यदि लाभांश वारंट अवितरित होगा तो उसे उसकी वैधता अवधि बढ़ाकर भेज दिया जाएगा अन्यथा उनके स्थान पर लाभांश वारंट जारी किया जायेगा ।

be entitled to exercise voting rights in respect of the shares held in excess of 1% of the total voting rights of all the shareholders of the Bank. If any share stands in the names of two or more persons, the person first named in the register shall, as regards voting, be deemed to be the sole holder thereof.

6. DIVIDEND MANDATE FOR E-CREDIT/BANK ACCOUNT DETAILS, CHANGE OF ADDRESS AND OTHER PARTICULARS :

a) Holding of shares in Physical Form

Shareholders holding shares in physical form are requested to inform the Registrar and Share Transfer Agent i.e. **MCS Limited (Unit – PNB) F-65, First Floor, Okhla Industrial Area, Phase I, New Delhi 110020**, in respect of change of address, Bank Account details, viz, Name of Bank, Branch, Address, Account Number, 9 digit MICR/IFSC code as given on cheque and E-credit mandate*, etc., so that they receive dividend directly in their account & communications etc. in time, if not already done. The format for E-credit mandate/Bank details form is enclosed with Annual Report and will also be available on Bank's website i.e. www.pnbindia.in/new.

b) Holding of shares in Electronic Form.

Beneficial owners holding shares in electronic form are requested to ensure that the address, Bank details i.e. Name of Bank, Branch, Address, Account Number, 9 digit MICR/ IFSC code as given on cheque, E-credit mandate*, etc. are duly updated with their Depository Participant (DP) so that they may receive dividend directly in their account & the communications, well in time, if not already done.

*** Shareholders please note that National Electronic Clearing System (NECS) is a procedure stipulated by Reserve Bank of India for receiving dividend directly in their account. This facility is available provided the account of the shareholder is with Core Banking Solution (CBS) Branch of a Bank (All Branches of your Bank are in CBS) and the Beneficial owners have got E-credit mandate recorded with their DP and shareholders holding shares in physical form have got E-credit mandate recorded with Registrar & Share Transfer Agent. Further, Dividend may also be credited in account of shareholders through other e-mode. This avoids loss of dividend warrant(s) in transit or otherwise.**

7. NON RECEIPT OF DIVIDEND

Bank has received back some undelivered envelopes in the past containing dividend warrants due to various reasons. Further, certain amount is lying in Unpaid/Unclaimed Dividend Accounts since FY 2003-04 (Final Dividend Payment Date – 02.08.2004) has also not been claimed. As such, shareholders who have not received dividend(s) are requested to contact, Registrar & Share Transfer Agent by giving their latest address, Mobile/Telephone No., email and other details viz Folio No./DPID & Client ID etc. In case, the dividend warrant(s) is/are lying undelivered then the same duly revalidated, will be sent, otherwise dividend warrant(s) in lieu thereof, will be issued.